13. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

कई शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग भाषा को सरल बनाता है। इसे अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग करना कहते हैं। इससे भाषा प्रभावशाली बनती है।

शिक्षण-संकेत

- ❖ सर्वप्रथम पृष्ठ 55 पर दी गई पंक्तियाँ पढ़ें और बच्चों को अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द के बारे में बताएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ 55 पर दिए चित्रों और अनेक शब्दों को पढ़ें। फिर अनेक शब्दों के स्थान पर उनका एक शब्द बताएँ तथा बच्चों से रिक्त स्थान में एक शब्द लिखवाते भी जाएँ।
- ❖ समझाएँ, इससे भाषा आसान बन जाती है।
- ❖ कुछ अनेक शब्द बोलें तथा बच्चों से उनका एक शब्द बताने को कहें।
- ❖ पाठ में दिए अनेक शब्द और उनका एक शब्द बच्चों से पढ़वाएँ।
- ❖ सभी बच्चों पर ध्यान दें। जिन बच्चों का उच्चारण कमज़ोर हो, उनसे अधिकाधिक पढ़वाएँ। इससे उनका उच्चारण शुद्‌ध होगा तथा उनकी झिझक भी दूर होगी।
- ❖ पाठ अभ्यास करने में बच्चों की यथासंभव सहायता करें।